# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
### PIN-842001 (BIHAR)
**Website:- www.brabu.ac.in**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (23.08.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 23.08.2024, PAGE-06**

# आधार बिना नहीं खुलेगी डिजीलॉकर की डिग्री

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में डिजीलॉकर को आधार कार्ड से जोड़ा जायेगा। इसकी तैयारी परीक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। इसके अलावा डिजीलॉकर में सभी सर्टिफिकेट की सुरक्षा के लिए क्यूआर कोड लगाने पर भी विचार किया जा रहा है।

डिजीलॉकर के लिए छात्रों को एक पासवर्ड दिया जायेगा, जिससे वह डिजीलॉकर खोल सकेंगे। परीक्षा विभाग का कहना है कि आधार कार्ड से टैग होने पर डिग्री के फर्जीवाड़े का खतरा नहीं रहेगा। आधार कार्ड और उससे जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी आने के बाद ही छात्र डिग्री डाउनलोड कर सकेंगे।

- डिजीलॉकर में सुरक्षा के लिए की जा रही पहल
- डिजीलॉकर को आधार कार्ड से किया जायेगा टैग

### विवि में 2020 तक का टीआर ऑनलाइन

बीआरएबीयू में वर्ष 1988 से 2020 तक के टेबुलेशन रजिस्टर को ऑनलाइन कर दिया गया है। इससे लगभग 50 लाख छात्रों का डाटा ऑनलाइन हो गया है। परीक्षा विभाग का कहना है कि इन डाटा को सर्वर पर अपलोड कर दिया गया है। अपलोड होने से इतने छात्रों की जानकारी एक क्लिक पर मिल जायेगी।

### पुरानी डिग्रियों को भी किया जायेगा अपलोड

परीक्षा विभाग पुरानी डिग्रियों को भी अपलोड करने की प्रक्रिया करने जा रहा है। पुरानी डिग्रियों में अबतक 38 डिग्रियां अपलोड हो चुकी हैं। बाकी डिग्रियों को भी अपलोड करने की कोशिश की जा रही है। पुरानी डिग्रियों को अपलोड करने से बीआरएबीयू के जो पुराने छात्र हैं, वह भी अपनी डिग्रियां ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं।

### 1.81 लाख छात्रों की डिग्री हो चुकी है अपलोड

परीक्षा नियंत्रक प्रो. टीके डे का कहना है कि डिजीलॉकर में अबतक 1,81,702 छात्रों की डिग्रियां अपलोड हो चुकी हैं। वर्ष 2021 की 38,032, वर्ष 2022 की 76,914 और वर्ष 2023 की 66,756 डिग्रियां अपलोड हो चुकी हैं। छात्रों को इसे डाउनलोड करने के लिए अब आईडी पासवर्ड दिया जायेगा और इन्हें आधार कार्ड से जोड़ा जायेगा। बीआरएबीयू बिहार का पहला विवि है, जहां डिजीलॉकर में डिग्रियां अपलोड की जा रही हैं। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि सभी कॉलेजों में भी डिजीलॉकर की सेवा शुरू की जा रही है।

---

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 23.08.2024, PAGE-06**

# परीक्षाएं करायेगा विवि

**बीआरएबीयू**

**30** अक्टूबर को जारी होगा पार्ट थ्री सत्र 2021-24 की परीक्षा का रिजल्ट

**17** नवंबर से पीजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा, रिजल्ट 30 दिसंबर को

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू अगले छह महीने (अगस्त से जनवरी तक) में 21 परीक्षाएं करायेगा। इसके लिए कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के निर्देश पर गुरुवार को फिर से परीक्षा कैलेंडर जारी किया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. टीके डे का कहना है कि सभी सत्र नियमित हैं। कुलपति ने निर्देश दिया है कि परीक्षा कैलेंडर के हिसाब से सारी परीक्षाएं हों और रिजल्ट जारी किये जाएं।

परीक्षा कैलेंडर के हिसाब से पार्ट थ्री सत्र 2021-24 की परीक्षा 23 अगस्त से होनी है। इसका रिजल्ट 30 अक्टूबर को जारी किया जायेगा। पार्ट टू के रिजल्ट की तारीख 30 अगस्त तय की गई है। कैलेंडर के अनुसार सितंबर की 30 तारीख को पीजी थर्ड सेमेस्टर का रिजल्ट जारी किया जायेगा। पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा हो चुकी है। पीजी चौथे सेमेस्टर सत्र 2022-24 की परीक्षा 17 नवंबर से शुरू होगी और इसका रिजल्ट 30 दिसंबर को जारी होगा। पीजी सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2023-25 की परीक्षा 22 अक्टूबर से शुरू होगी और रिजल्ट 30 दिसंबर को जारी होगा। पीजी सत्र 2023-25 की तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 20 जनवरी 2025 से होगी और 30 मार्च को रिजल्ट जारी होगा। स्नातक सत्र 2023-27 के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 21 नवंबर से होगी और रिजल्ट 10 जनवरी को जारी होगा। चार वर्षीय बीएड सत्र 2020-24 की आठवें सेमेस्टर की परीक्षा 27 अगस्त से शुरू होगी और 30 अक्टूबर को रिजल्ट जारी किया जायेगा। चार वर्षीय बीएड सत्र 2021-25 के छठे सेमेस्टर की परीक्षा 30 सितंबर 2024 से होगी और रिजल्ट 30 दिसंबर को जारी होगा। बीसीए-बीबीए सत्र 2023-26 की परीक्षा चार दिसंबर से शुरू होगी और रिजल्ट 30 जनवरी 2025 को जारी किया जायेगा।

### विवि में शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों का बनेगा डाटा

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में काम करने वाले शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों का डाटा बनेगा। इसके लिए विवि ने एक कमेटी बनाई है। यह कमेटी मानव बल का डाटा तैयार कर उसे विवि की वेबसाइट पर डालेगी। इसके अलावा विवि में होनेवाली दूसरी गतिविधियों के लिए भी टीम का गठन किया गया है। विवि में किसी भी कार्यक्रम के लिए मीडिया सेल जिम्मेदार होगा। हॉस्टल के कामकाज के लिए डीएसडब्ल्यू व प्रो. ललन कुमार झा और शिकायत निवारण की प्रॉक्टर व परीक्षा नियंत्रक को जिम्मेदारी दी गई है।

---

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 23.08.2024, PAGE-06**

# स्नातक में 7 हजार नये दाखिले कुल 1.58 लाख नामांकन

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में सात हजार नये छात्रों ने स्नातक में दाखिला लिया है। सीबीएसई कंपार्टमेंटल परीक्षा पास छात्रों के दाखिले लिए विवि प्रशासन ने पोर्टल खोला था। पहले 12 से 19 अगस्त तक पोर्टल खोला गया था। बाद में इसे बढ़ाकर 22 अगस्त तक कर दिया गया था। सबसे ज्यादा दाखिला हिस्ट्री में 951 छात्रों ने लिया। 706 छात्रों ने हिन्दी और पॉलिटिकल साइंस में 868 छात्रों ने दाखिला लिया। सबसे कम दाखिला परसियन और बांग्ला में हुआ है। इन विषयों में 1-1 छात्र ने दाखिला लिया है। ह्यमून रिसोर्स मैनेजमेंट में चार, इलेक्ट्रानिक्स में आठ और मार्केटिंग में सात छात्रों ने दाखिला लिया है। स्नातक में कुल एक लाख 58 हजार दाखिले हुए हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

### PIN-842001 (BIHAR)

**Website:- www.brabu.ac.in**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:23.08.2024, PAGE-04**

# स्नातक सत्र 2021-24 के थर्ड इयर की परीक्षा आज से

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

□ इसमें पिछले सत्र के पेंडिंग रिजल्ट वाले स्टूडेंट्स भी होंगे शामिल

[illegible]

## सख्ती बढ़ी, विवि से होगी परीक्षा की निगरानी

[illegible]

**अंतिम दिन एडमिट कार्ड के लिए उमड़ी भीड़:** [illegible]

इस खबर को वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

# 55 प्रतिभागी दिखाएंगे शह-मात का खेल

□ [illegible]

संवाददाता, मुजफ्फरपुर

[illegible]

## ये रहा रिजल्ट

[illegible]

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:23.08.2024, PAGE-04**

## होनेवाली परीक्षाओं का संशोधित वार्षिक कैलेंडर जारी

# नवंबर में होंगी स्नातक के दो सेमेस्टर की परीक्षाएं

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

चार वर्षीय स्नातक कोर्स के 2 सेमेस्टर की परीक्षाएं नवंबर में होंगी. सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 2 नवंबर से और सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा 21 नवंबर से होगी. बीआरएबीयू के अनुसार दोनों परीक्षाओं का परिणाम 10 जनवरी 2025 को जारी किया जायेगा. विवि की ओर से एकेडमिक इयर 2024-25 में होने वाली परीक्षाओं का संशोधित वार्षिक कैलेंडर जारी किया है. कैलेंडर के अनुसार स्नातक सत्र 2021-24 के थर्ड इयर की परीक्षा का परिणाम 30 अक्टूबर तक जारी किया जायेगा. यह परीक्षा 23 अगस्त से शुरू हो रही है. प्रायोगिक परीक्षा हो चुकी है. वहीं सत्र 2022-25 के सेकेंड इयर की परीक्षा का परिणाम 30 अगस्त तक जारी करने की तैयारी है. बता दें कि इस सत्र के लिए तैयार परीक्षा कैलेंडर में तीसरी बार संशोधन किया गया है.

**तय समय पर रिजल्ट जारी करने की तैयारी** : बीच में लोकसभा चुनाव सहित कई कारणों से परीक्षाओं का शिड्यूल बदलना पड़ा. विवि की ओर से कहा गया है कि छात्र कैलेंडर के अनुसार परीक्षा की तैयारी में अभी से जुट जाएं. विवि से स्नातक व पीजी के साथ ही वोकेशनल कोर्स का कैलेंडर तैयार किया गया है. कहा गया है कि निर्धारित समय पर ही परीक्षा लेकर परिणाम जारी किया जाएगा. बीएड, इंटीग्रेटेड बीएड के साथ ही टीडीसी व डिप्लोमा कोर्स की परीक्षाओं की संभावित तिथि निर्धारित की गई है.

## पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 22 का समय

पीजी सत्र 2023-25 के सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 22 अक्टूबर का समय दिया गया है. इस सत्र का एडमिशन इसी साल हुआ है. फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा मई में ली गई. इसका रिजल्ट 30 अगस्त तक आयेगी. वहीं, सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम 30 दिसंबर तक जारी होगा और थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 20 जनवरी से शुरू होगी. इसका रिजल्ट 30 मार्च को जारी होगा. पीजी सत्र 2022-24 के फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 17 नवंबर से शुरू होगी, और परिणाम 30 दिसंबर को जारी होगा. सत्र नियमित करने की दिशा में विवि ने स्नातक, स्नातकोत्तर व वोकेशनल कोर्स की परीक्षाओं को समयबद्ध कराने के साथ ही उनका परिणाम समय से जारी करने की दिशा में यह पहल की है. इस साल मार्च में ही विवि ने परीक्षा कैलेंडर बनाकर राजभवन व उच्च शिक्षा विभाग को भेजा था.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:23.08.2024, PAGE-04**

# एलएलबी और प्री लॉ की परीक्षा 6 सितंबर से

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से तीन वर्षीय एलएलबी व 5 वर्षीय प्री लॉ की परीक्षा 6 सितंबर से शुरू होगी. इसके लिये बीआरएबीयू की ओर से शिड्यूल जारी कर दिया गया है. परीक्षा के लिये 2 केंद्र बनाये गये हैं. परीक्षा विभाग की ओर से सभी कॉलेजों को शिड्यूल भेज दिया गया है. एलएलबी के पार्ट 1, 2 व 3 की परीक्षा के लिए एमपीएस साइंस कॉलेज को केंद्र बनाया गया है. वहीं प्री लॉ के पार्ट 1, 2, 3, 4 व 5 के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया स्मारक कॉलेज को केंद्र बनाया गया है. दो शिफ्ट में 27 सितंबर तक लॉ की परीक्षा होगी. पहले शिफ्ट में सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक और दूसरे शिफ्ट में दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक परीक्षा होगी. विवि से संबद्ध 5 कॉलेजों में लॉ की पढ़ाई होती है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

### PIN-842001 (BIHAR)

**Website:- www.brabu.ac.in**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:23.08.2024, PAGE-04**

# विश्वविद्यालय का संशोधित कैलेंडर जारी

## सत्र 2024-25 से निर्धारित समय पर परीक्षा और परिणाम जारी करने का प्रयास

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से नवंबर में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के दो सेमेस्टर की परीक्षाएं ली जाएंगी। सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा दो नवंबर से और सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा 21 नवंबर से होगी। दोनों ही परीक्षाओं का परिणाम 10 जनवरी 2025 को जारी किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने एकेडमिक वर्ष 2024-25 में होने वाली परीक्षाओं का संशोधित वार्षिक कैलेंडर जारी किया है। इस सत्र के लिए तैयार परीक्षा कैलेंडर में तीसरी बार संशोधन किया गया है। कैलेंडर के अनुसार स्नातक सत्र 2021-24 के थर्ड ईयर की परीक्षा का परिणाम 30 अक्टूबर तक जारी होंगे। यह 23 अगस्त से शुरू हो रही है। प्रायोगिक परीक्षा हो चुकी है। वहीं सत्र 2022-25 के सेकेंड ईयर की परीक्षा का परिणाम 30 अगस्त तक जारी किया जाएगा।

दरअसल, सत्र नियमित करने की दिशा में विश्वविद्यालय ने स्नातक, स्नातकोत्तर व वोकेशनल कोर्स की परीक्षाओं को समयबद्ध कराने के साथ ही उनका परिणाम समय से जारी करने की दिशा में यह पहल की है। इस साल मार्च में ही विश्वविद्यालय ने परीक्षा कैलेंडर बनाकर राजभवन व उच्च शिक्षा विभाग को भेजा था। लोकसभा चुनाव सहित कई कारणों से परीक्षाओं का शेड्यूल बदलना पड़ा। विश्वविद्यालय ने कहा कि छात्र कैलेंडर के अनुसार परीक्षा की तैयारी में अभी से जुट जाएं।

**पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा अक्टूबर में :** पीजी सत्र 2023-25 के सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 22 अक्टूबर का समय दिया गया है। फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा मई में ली गई। इसका रिजल्ट 30 अगस्त तक आएगा। वहीं, सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम 30 दिसंबर तक जारी होगा। पीजी सत्र 2022-24 के फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 17 नवंबर से होगी, उसका परिणाम 30 दिसंबर को जारी होगा।

**निर्धारित समय पर जारी होगा रिजल्ट :** विश्वविद्यालय ने स्नातक व पीजी के साथ ही वोकेशनल कोर्स का कैलेंडर तैयार किया है। कहा गया है कि निर्धारित समय पर ही परीक्षा और उसके परिणाम जारी किए जाएंगे। बीएड, इंटीग्रेटेड बीएड के साथ ही टीडीसी व डिप्लोमा कोर्स की परीक्षाओं की संभावित तिथि निर्धारित की गई है।

स्नातक सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर की दो नवंबर और सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर की 21 नवंबर से होगी परीक्षा



### एडमिट कार्ड के लिए कालेजों में रही छात्र-छात्राओं की भीड़

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** परीक्षा से एक दिन पहले तक कालेजों में एडमिट कार्ड के लिए भीड़ लगी रही। भारत बंद की वजह से बुधवार को बहुत से परीक्षार्थी एडमिट कार्ड नहीं ले सके थे। विश्वविद्यालय ने शनिवार को एडमिट कार्ड जारी किया था। इसके बाद रविवार और सोमवार को कालेजों में छुट्टी हो गई। मंगलवार को अधिकतर कालेजों में दोपहर से एडमिट कार्ड का वितरण शुरू किया गया। इसके बाद बुधवार को वितरण प्रभावित रहा। इन कारणों से गुरुवार को कालेजों में प्रवेश पत्र के लिए छात्र-छात्राओं की भीड़ रही।

## स्नातक पार्ट थर्ड की परीक्षा आज से

- मुजफ्फरपुर के 15 सहित कुल 57 केंद्रों पर किए गए कड़े इंतजाम
- एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना



**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्नातक सत्र 2021-24 के पार्ट थर्ड की परीक्षा शुक्रवार से होगी। मुजफ्फरपुर के 15 सहित 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में एक लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। पेंडिंग रिजल्ट वाले छात्र भी शामिल होंगे। वैशाली, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण व सीतामढ़ी के कालेजों में केंद्र बनाए गए हैं। विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व में परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया था, जिसमें संशोधन किया गया है। आनर्स के विषयों की परीक्षा पहले चार सितंबर तक होनी थी। अब पांच सितंबर को परीक्षा खत्म होगी। 28 अगस्त को होने वाली ग्रुप सी व डी के विषयों की परीक्षा अंतिम दिन ली जाएगी। वहीं, अन्य परीक्षाओं का शेड्यूल पूर्ववत रहेगा। इसी तरह जनरल कोर्स की परीक्षा 23 अगस्त से तीन सितंबर तक चलेगी। दो शिफ्ट में परीक्षा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। पहले शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरे शिफ्ट की परीक्षा दोपहर एक से शाम चार बजे तक ली जाएगी। सभी जिला में कलेक्शन सेंटर भी बनाए गए हैं, जहां परीक्षा खत्म होने के बाद हर दिन उत्तर पुस्तिकाएं स्टोर की जाएंगी। विश्वविद्यालय स्तर से स्नातक परीक्षा पर नजर रखी जाएगी। सभी जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्राचार्यों को कदाचारमुक्त व स्वच्छ माहौल में परीक्षा संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि पिछले दिनों विश्वविद्यालय की परीक्षा में सीतामढ़ी जिले के एक केंद्र पर कदाचार की शिकायत मिलने के बाद मुख्यालय से अधिकारियों ने पहुंचकर छानबीन की थी।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:23.08.2024, PAGE-04**

## एलएलबी की परीक्षा छह से

**मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से तीन वर्षीय एलएलबी और पांच वर्षीय प्री ला की परीक्षा छह सितंबर से शुरू होगी। इसके लिए परीक्षा विभाग ने दो केंद्र तय किए हैं। एलएलबी के पार्ट वन, टू और थ्री की परीक्षा के लिए एमपीएस साइंस कालेज को केंद्र बनाया गया है। वहीं प्री ला पार्ट वन, टू, थ्री, फोर और फाइव के लिए डा. राम मनोहर लोहिया स्मारक कालेज को केंद्र बनाया गया है। यह परीक्षा 27 सितंबर तक होगी। विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच कालेजों में ला की पढ़ाई होती है। (जासं)

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:23.08.2024, PAGE-04**

तैयारी • मार्च 2025 तक परीक्षा सहित रिजल्ट जारी करने की तिथि भी घोषित की

# विवि ने जारी किया संशोधित कैलेंडर नवंबर में होंगी स्नातक की 2 परीक्षाएं

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से नवंबर में 4 वर्षीय स्नातक कोर्स के 2 सेमेस्टर की परीक्षाएं ली जाएंगी। सत्र 2023-27 के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 2 नवंबर से और सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा 21 नवंबर से होगी। दोनों परीक्षाओं का रिजल्ट 10 जनवरी 2025 को जारी किया जाएगा।

विश्वविद्यालय की ओर से शैक्षणिक सत्र 2024-25 में होने वाली परीक्षाओं का संशोधित वार्षिक कैलेंडर जारी किया है। इस सत्र के लिए तैयार परीक्षा कैलेंडर में तीसरी बार संशोधन किया गया है। कैलेंडर के अनुसार, स्नातक सत्र 2021-24 के थर्ड ईयर की परीक्षा का रिजल्ट 30 अक्टूबर तक जारी किया जाएगा। यह परीक्षा 23 अगस्त से शुरू हो रही है। प्रायोगिक परीक्षा हो चुकी है। वहीं सत्र 2022-25 के सेकेंड ईयर की परीक्षा का रिजल्ट 30 अगस्त तक जारी होगा। दरअसल, सत्र नियमित करने की दिशा में विश्वविद्यालय ने स्नातक, स्नातकोत्तर व वोकेशनल कोर्स की परीक्षाओं को समयबद्ध कराने के साथ ही उनका रिजल्ट समय से जारी करने की दिशा में यह पहल की है। इस साल मार्च में ही विश्वविद्यालय ने परीक्षा कैलेंडर बनाकर राजभवन व उच्च शिक्षा विभाग को भेजा था। बीच में लोकसभा चुनाव सहित अन्य कारणों से परीक्षाओं का शेड्यूल बदलना पड़ा। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि छात्र कैलेंडर के अनुसार परीक्षा की तैयारी में अभी से जुट जाएं।



### सत्र 2023-25 के पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा अक्टूबर में होगी

पीजी सत्र 2023-25 के सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा 22 अक्टूबर से होगी। इस सत्र का एडमिशन इसी साल हुआ है। फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा मई में ली गई। इसका रिजल्ट 30 अगस्त तक आएगा। वहीं, सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा का रिजल्ट 30 दिसंबर तक जारी होगा और थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा अगले साल 20 जनवरी से शुरू होगी और रिजल्ट 30 मार्च को जारी होगा। पीजी सत्र 2022-24 के फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 17 नवंबर से शुरू होगी और रिजल्ट 30 दिसंबर को जारी होगा।

### निर्धारित समय पर जारी होगा रिजल्ट

विवि की ओर से स्नातक व पीजी के साथ ही वोकेशनल कोर्स का कैलेंडर तैयार किया गया है। कहा गया है कि तय समय पर ही रिजल्ट जारी होगा। बीएड, इंटीग्रेटेड बीएड के साथ ही टीडीसी व डिप्लोमा कोर्स की परीक्षाओं की संभावित तिथि निर्धारित की गई है। टीडीसी वोकेशनल कोर्स में आईएमबी, बायोटेक, इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री, फैशन डिजाइनिंग, बीएमसी, सीएनडी, आईएफएफ, टीएलसी व फूड साइंस क्वालिटी कंट्रोल की पढ़ाई विभिन्न कॉलेजों में होती है।

### एलएलबी व प्री लॉ की परीक्षा 6 सितंबर से

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विवि में 3 वर्षीय एलएलबी व 5 वर्षीय प्री लॉ की परीक्षा 6 सितंबर से शुरू होगी। इसके लिए 2 केंद्र बनाए गए हैं। एलएलबी के पार्ट-1, 2 व 3 की परीक्षा के लिए एमपीएस साइंस कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। वहीं, प्री लॉ के पार्ट-1, 2, 3, 4 व 5 के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया स्मारक कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। 2 शिफ्ट में 27 सितंबर तक लॉ की परीक्षा होगी। पहले शिफ्ट में सुबह 9.30 से दोपहर 12.30 बजे तक और दूसरे शिफ्ट में दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक परीक्षा ली जाएगी। विश्वविद्यालय से संबद्ध 5 कॉलेजों में लॉ की पढ़ाई होती है।

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:23.08.2024, PAGE-04**

# स्नातक थर्ड ईयर की परीक्षा आज से, 1 लाख से अधिक परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए 57 केंद्र

**बीआरएबीयू :** मुजफ्फरपुर में 15 कॉलेजों को बनाया गया है परीक्षा केंद्र

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की स्नातक सत्र 2021-24 के थर्ड ईयर की परीक्षा शुक्रवार से शुरू होगी। इसमें पिछले सत्र के पेंडिंग रिजल्ट वाले स्टूडेंट्स भी शामिल होंगे। मुजफ्फरपुर में 15 सहित वैशाली, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण व सीतामढ़ी के कॉलेजों को मिला कर कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में 1 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व में परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया था, जिसमें संशोधन किया गया है। ऑनर्स के विषयों की परीक्षा पहले 4 सितंबर तक होनी थी। अब 5 सितंबर को परीक्षा खत्म होगी। 28 अगस्त को होने वाली ग्रुप सी व डी के विषयों की परीक्षा अंतिम दिन ली जाएगी। वहीं, अन्य परीक्षाओं का शेड्यूल पूर्ववत रहेगा। इसी तरह जनरल कोर्स की परीक्षा 23 अगस्त से 3 सितंबर तक चलेगी। दो शिफ्ट में परीक्षा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। पहले शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरे शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक ली जाएगी। सभी जिलों में कलेक्शन सेंटर भी बनाए गए हैं, जहां परीक्षा खत्म होने के बाद हर दिन उत्तर पुस्तिकाएं स्टोर की जाएंगी। परीक्षा से एक दिन पहले तक कॉलेजों में एडमिट कार्ड के लिए भीड़ लगी।

### कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए मुख्यालय से निगरानी

स्नातक की परीक्षा में विवि की ओर से सख्ती बढ़ा दी गई है। सभी जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्राचार्यों को कदाचारमुक्त व स्वच्छ माहौल में परीक्षा संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के स्तर से भी निगरानी की जाएगी। इसको लेकर तैयारी की गई है। बता दें कि पिछले दिनों विश्वविद्यालय की परीक्षा में सीतामढ़ी जिले के एक केंद्र पर कदाचार की शिकायत मिलने के बाद मुख्यालय से अधिकारियों ने पहुंचकर छानबीन की थी। इसमें कदाचार के आरोप में छात्रों को निष्कासित किया गया था।